सं.383/ईएस/डीएम/एसई/आरईसी/2025-26 दिनांक /Date: 08.04.2026

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एक नवरत्न कंपनी तथा रक्षा मंत्रालय के अधीन भारत की अग्रणी पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को इसकी बेंगलूरु संकुल के अभियांत्रिकी सेवाएं प्रभागके लिए निम्नलिखित पेशेवरों की आवश्यकता है।

| पद/ग्रेड | जॉब कोड | अर्हता एवं विषय | यथा दिनांक 01.04.2026 को आपेक्षित संगत अर्हतोत्तर अनुभव | यथा दिनांक 01.04.2026 को ऊपरी आयु सीमा | पदों की संख्या | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्थाई : | | | | | | |
| उप प्रबंधक (ई- IV) | PDM01 | बी.आर्च | 8-9 वर्षों का संगत अनुभव। | 36 | 1 | अ.जा. |
| वरिष्ठ अभियंता (ई- III) | PSE01 | इलेक्ट्रिकल में बी.ई./बी. टेक./बी. एससी. इंजीनियरिंग | 4-5 वर्षों का संगत अनुभव | 32 | 1 | अनारक्षित -01<br>अ.पि.व.(एनसीएल ) -01 |
| | PSE02 | मैकेनिकल में बीई/बी. टेक/बीएससी. इंजीनियरिंग | | 32 | 1 | |
| नियत अवधि के आधार पर ( 5 वर्षों के लिए) : | | | | | | |
| वरिष्ठ अभियंता (ई- III) | FTEN01 | सिविल में बीई/बी. टेक/बीएससी की पूर्व योग्यता के साथ एमई/एम. टेक पर्यावरणीय इंजीनियरिंग | 2 वर्षों का संगत अनुभव | 35 | 1 | अ.पि.व.(एनसीएल ) - 01 |

* उपर्युक्त उल्लिखित पद पिछली बकाया रिक्तियाँ हैं।

**आयु मानदंड:**

तालिका में ऊपर दर्शाई गई ऊपरी आयु सीमा सामान्य वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए है। ऊपरी आयु सीमा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर नवोन्नत वर्ग) वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 3 वर्ष, अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए 5 वर्ष तथा पीडब्ल्यूबीडी के अभ्यर्थियों के लिए 10 वर्ष(न्यूनतम 40% दिव्यांगता ) तक की छूट दी जाएगी। ऊपर उल्लिखित वर्गों के लिए छूट स्वीकृत है। सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूर्व सैनिकों के लिए आयु में छूट होगी।।

माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रमाण-पत्र में जन्म तिथि उपलब्ध न होने के मामले में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र पर विचार किया जाएगा।

जहां विनिर्दिष्ट वर्ग/वर्गों के लिए आरक्षण उपलब्ध नहीं है वहां अभ्यर्थियों सामान्य वर्ग के तहत आवेदन कर सकते हैं बशर्ते कि वे दिनांक 01.04.2026 को सामान्य वर्ग के लिए निर्दिष्ट न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं ।

**अर्हता:**

प्रतिष्ठित एआईसीटीई अनुमोदित कॉलेज/संस्थान या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्राप्त निम्नलिखित विषयों में बीई/बी. टेक/बी. एससी/बी. आर्क/एम. टेक के साथ अभ्यर्थियों पात्र हैं।

ऊपर उल्लिखित इंजीनियरिंग पदों के लिए परिभाषित विषय और विषय इस प्रकार हैं –

| विषय | विषय |
|---|---|
| आर्किटेक्चर | आर्किटेक्चर |
| इलेक्ट्रिकल | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग<br>इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजिनियरिंग |
| मेकेनिकल | मेकेनिकल इंजीनियरिंग |
| पर्यावरण | पर्यावरणीय इंजीनियरिंग |

सामान्य, अ.पि.व. (गै.नवो.व.)-बीई/बी. टेक/बी. एससी/बी. आर्क/एम. टेक में प्रथम श्रेणी प्राप्त अभ्यर्थियों उक्त पदों के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

बी. टेक/बी. एससी/बी. आर्क/एम. टेक में उत्तीर्ण श्रेणी के साथ अ.जा./पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थी उक्त पदों के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

अभ्यर्थियों बीई/बी. टेक/बी. एससी/बी. आर्क/एम. टेक डिग्री प्रमाण-पत्र (जैसा लागू हो) के प्रतिशत/वर्ग में सीजीपीए के परिवर्तन के लिए वैध दस्तावेज संलग्न करें। सीजीपीए या मूल्यांकन की

क्रेडिट प्रणाली के मामले में, अभ्यर्थियों को संबंधित संस्थान/विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार सीजीपीए/क्रेडिट को प्रतिशत में बदलने के लिए सूत्र संलग्न करना होगा।

ऐसे आवेदक जिनके डिग्री प्रमाण-पत्रों में उल्लिखित विषय/विशेषज्ञता विज्ञापन में निर्धारित विषय/विशेषज्ञता से मेल नहीं आते है, उन्हें चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा ।.

किसी अन्य इंजीनियरिंग विषय/विशेषज्ञता के अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर सकते हैं।

<u>संगत अर्हतोत्तर अनुभव</u>

<u>स्थाई पदों</u>

**उप प्रबंधक (आर्किटेक्ट**

- **अभ्यर्थी को :-**
- ग्राहक की आवश्यकताओं को कैप्चर करने और उन्हें वैचारिक/विस्तृत आर्किटेक्चर ड्राइंग में परिवर्तित करने की क्षमता होनी चाहिए।
- ग्राहकों के लिए भवनों के विभिन्न पैमानों और टाइपोलॉजिज की अवधारणा, डिज़ाइन, चर्चा और वैचारिक ड्राइंग/स्केच, विस्तृत वास्तुशिल्प ड्राइंग एवं प्रस्तुति देने में सक्षम होना चाहिए।
- बहु-विषयक अवसंरचना परियोजनाओं के डिजाइन और समन्वय में अनुभव होना चाहिए।
- औद्योगिक भवनों, GRIHA, मानकों,NBC, संवैधानिक उप-नियमों आदि के मानदंडों का अनुभव होना चाहिए।
- विभिन्न आर्किटेक्चरल सॉफ्टवेयर (ऑटोकैड, स्केच अप, REVITआदि) में 2D ड्राफ्टिंग और 3D मॉडलिंग में ज्ञान होना चाहिए।
- ग्रीन बिल्डिंग अवधारणाओं से अवगत होना चाहिए और नई डिजाइनिंग तथा पुरानी इमारतों के आधुनिकीकरण/संशोधन में तकनीकों को अपनाना चाहिए।
- सर्वेक्षण, स्पष्टीकरण और ग्राहक संपर्क के प्रयोजनार्थ देश भर में यात्रा करने के लिए तैयार होना चाहिए।

**वरिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल)-**

- **अभ्यर्थी को:-**
- **33 kV स्तर तक की औद्योगिक, वाणिज्यिक तथा आवासीय परियोजनाओं के विद्युत अवसंरचना के डिजाइन में अनुभव होना चाहिए।**

- विनिर्देश तैयार करने, दर विश्लेषण और CPWD, मानकों, NBCआदि के संपर्क में आने की जानकारी होनी चाहिए।
- सबस्टेशन, मोटर नियंत्रण पैनल, मीटरिंग क्यूबिकल, बिजली सुरक्षा प्रणाली और अर्थिंग प्रणाली आदि के लिए विद्युत पैनल के डिजाइन में क्षमता होनी चाहिए।
- संरचनात्मक, सिविल, HVAC, PHE, बाहरी सेवाओं और लैंडस्केपिंग के क्षेत्रों में विभिन्न विषयों के साथ समन्वय का अनुभव होना चाहिए।
- किसी भवन के आंतरिक विद्युत कार्यों के लिए आवश्यक कंडक्टिंग, वायरिंग, स्विच, केबल, ट्रे आदि की मात्रा की गणना में जानकारी होनी चाहिए।
- इलेक्ट्रिकल कार्यों से संबंधित कोड, मानकों और सर्वोत्तम पद्धतियों का ज्ञान होना चाहिए और सभी प्रकार के भवनों के लिए बिजली वितरण हेतु एकल लाइन आरेख विकसित करने की क्षमता होनी चाहिए,
- स्विचगियर, DG सेट, केबल और मोटर के आकार और चयन का ज्ञान होना चाहिए, जो ग्राहक के उपकरण की जरूरतों को पूरा करता हो।
- AUTOCAD, DIALUX **और इसी तरह के अन्य इलेक्ट्रिकल डिजाइन सॉफ्टवेयर में सराहनीय ज्ञान होना चाहिए।**
- फायर अलार्म सिस्टम, और कम्युनिकेशन आदि जैसी ELV प्रणालियों में ज्ञान होना चाहिए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम, CCTV, नेटवर्क
- सर्वेक्षण, स्पष्टीकरण और ग्राहक संपर्क के प्रयोजनार्थ देश भर की यात्रा करने और स्थल को स्थानांतरित करने के लिए तैयार होना चाहिए।

**वरिष्ठ अभियंता ( मेकेनिकल )**

- अभ्यर्थी को निम्नलिखित में अनुभव होना चाहिए -
- केंद्रीकृत वातानुकूलन प्रणाली, VRV/VRF प्रणाली, वाष्पीकरण एयर-कूलिंग प्रणाली, वेंटिलेशन प्रणाली सहित HVAC प्रणाली का डिजाइन।
- HVAC हीट लोड की गणना, डक्टिंग और पाइपिंग डिज़ाइन
- फायर हाइड्रेंट सिस्टम, स्प्रिंकलर सिस्टम सहित फायर-फाइटिंग प्रणाली का डिजाइन।
- ऑटो कैड सॉफ्टवेयर, ड्राइंग

- एचवीएसी और अग्नि शमन प्रणाली के लिए निविदा हेतु विनिर्देश, बीओक्यू, अनुमान और दर विश्लेषण तैयार करना।
- एचवीएसी और फायर फाइटिंग प्रणाली के लिए संबंधित कोड और मानक।
- अन्य विषयों जैसे वास्तुकला, संरचनात्मक, विद्युत आदि के साथ समन्वय।
- **सर्वेक्षण, स्पष्टीकरण और ग्राहक से बातचीत के उद्देश्य से देश भर में यात्रा करने के लिए इच्छुक होना चाहिए ।**

<u>नियत अवधि पदें :</u>

**वरिष्ठ अभियंता ( पर्यावरणीय ))**

- अभ्यर्थी उत्कृष्ट संचार कौशल प्रदर्शित करने में सक्षम होने चाहिए और निष्पादन, साइट सर्वेक्षण, स्पष्टीकरण और ग्राहक बातचीत के प्रयोजनार्थ देश भर की यात्रा करने के लिए तैयार होने चाहिए।
- अभ्यर्थी को पर्यावरण जोखिम प्रबंधन का ज्ञान होना चाहिए और संधारणीय विकास के लक्ष्यों जैसे, कार्बन तटस्थता, जल सकारात्मकता आदि, जलवायु परिवर्तन लचीलापन और पर्यावरण सामाजिक शासन पद्धतियों (ईएसजी) को प्राप्त करने के लिए आंतरिक नीतियाँ प्राप्त करनी चाहिए।
- अभ्यर्थी को अपशिष्ट प्रबंधन, वायु प्रदूषण नियंत्रण, एसटीपी के ओ एंड एम, पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए), वैकल्पिक प्रौद्योगिकी/प्रक्रिया और कारखाने के संचालन के लिए लाइसेंस प्राप्त/नवीकरण सहित पर्यावरणीय कानूनों के अनुपालन का ज्ञान होगा।
- अभ्यर्थी निरीक्षण के दौरान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, एमओईएफसीसी आदि जैसी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ संपर्क और समन्वय स्थापित करेंगे।

**वेतनमान:**

| पद/ग्रेड | वेतनमान |
|---|---|
| उप प्रबंधक /ई -IV | रु.. 60,000 -3% - 1,80,000/- |
| वरिष्ठ अभियंता / ई- III | रु. 50,000 -3% - 1,60,000/- |

**अन्य भत्ते:**

चयनित अभ्यर्थियों को ऊपर दर्शाए गए वेतनमान में शामिल किया जाएगा। ई-IV श्रेणी के उप प्रबंधक के लिए अनुमानित सीटीसी 19 लाख रुपये और ई-III श्रेणी के वरिष्ठ अभियंता के लिए अनुमानित सीटीसी 15 लाख रुपये प्रति वर्ष है। मूल वेतन के अलावा, महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, वार्षिक मूल वेतन पर 35% की दर से अनुलब्धियां, निष्पादन संबंधित वेतन(पीआरपी), समूह जीवन बीमा, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, भविष्य निधि, पेंशन, उपदान आदि जैसे अन्य भत्ते पारिश्रमिक पैकेज के तहत होंगे।

**आवेदन शुल्क :**

| पद /Posts | आवेदन शुल्क Application Fee |
|---|---|
| स्थाई आधार पर (ई- III एवं ई- IV) | 600/- plus 18% जीएसटी |
| नियत अवधि के आधार पर (ई- III) | 400/- plus 18% जीएसटी |
| पूर्वसेना कर्मचारी,पीडब्ल्यूबीडी ,अ.जा.एवं अ.ज.जा. | छूट है |

**भुगतान करने के अनुदेश:**

a) आवेदन शुल्क एसबीआई कलेक्ट (ऑनलाइन के माध्यम से) के माध्यम से जमा करना होगा । आवेदन शुल्क का भुगतान निम्नलिखित लिंक (जैसा लागू हो) पर जाकर ऑनलाइन द्वारा किया जा सकता है -
https://www.onlinesbi.sbi/sbicollect/icollecthome.htm?corpID=14842

b) भुगतान वर्ग का चयन करें:
**उप प्रबंधक तथा वरिष्ठ अभियंता ( स्थाई आधार पर ) की भर्ती – ई एस**
**वरिष्ठ अभियंता( नियत अवधि के आधार पर ) की भर्ती – ई एस**

c) अभ्यर्थी से अनुरोध है कि विवरण को पढ़े तथा भुगतान के बाद स्क्रीनशॉट लें ।

d) अभ्यर्थियों को भुगतान के बाद सृजित" **एस बी आई कलेक्ट संदर्भ संख्या**" को आवेदन पत्र में दर्ज करना होगा।

e) भुगतान करते समय, उचित भुगतान वर्ग के प्रति राशि का भुगतान किया जाना चाहिए । प्रत्येक जॉब कोड के लिए अलग से भुगतान करें।

f) अभ्यर्थियां आवेदन शुल्क जमा तथा आवेदन प्रस्तुत करने से पहले सभी निर्देशों और पात्रता मानदंडों को ध्यान से पढें। एक बार भुगतान करने के बाद शुल्क वापस नहीं किया जाएगा। **नोट-एसबीआई कलेक्ट द्वारा आवेदन शुल्क का भुगतान करते समय, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे उसी मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी का उल्लेख एसबीआई कलेक्ट में करें जैसा कि उन्होंने आवेदन पत्र में उल्लेख किया है।**

g) भुगतान रसीद का प्रिंट लेना तथा उसे आवेदन पत्र में संलग्न करना होगा।

अभ्यर्थियों को भुगतान के बाद सृजित **"एसबीआई कलेक्ट संदर्भ संख्या"** को आवेदन पत्र में उल्लेख करना होगा। उल्लिखित पदों के अनुसार आवेदन शुल्क का जमा करें। आवेदन शुल्क या मेल न खाने की गलती होने पर अभ्यर्थता की अयोग्यता का परिणाम होगा।

**आवेदन शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।** अभ्यर्थियों ध्यान दें कि आवेदन शुल्क का भुगतान करने के लिए कोई चेक, डीडी या नकद स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें:**

उपर्युक्त मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को इस विज्ञापन के लिंक के रूप में प्रदान किए गए आवेदन पत्र को डाउनलोड करना आवश्यक है। नीचे उल्लिखित दस्तावेजों/अनुलग्नकों की फोटोकॉपी के साथ विधिवत भरा हुआ आवेदन को डाक के माध्यम से भेजें –

**प्रबंधक ( मा.सं./सीएसजी)**
**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड,**
**जालहल्ली पोस्ट, बेंगलूरु - 560013**

आवेदन पत्र के लिफाफे पर संबंधित दस्तावेजों के साथ **'उप प्रबंधक /वरिष्ठ अभियंता ( स्थाई आधार पर) –ई एस' के पद के लिए / वरिष्ठ अभियंता ( नियत अवधि के आधार पर) –ई एस' के पद के लिए** आवेदन' लिखा होना चाहिए।

आवेदन जो निर्धारित प्रारूप में नही है , अपूर्ण , अस्पष्ट ,आवश्यक संलग्नों के बिना है, उसे बिना कोई कारण बताए सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जएगा। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**<u>आवेदन पत्र के साथ दस्तावेजें (फोटोकॉपी) प्रस्तुत करें:</u>**

I. दसवीं कक्षा का अंक पत्र (जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में)

II. पीयूसी/12 वीं कक्षा / डिप्लोमा अंक पत्र की स्व प्रमाणित प्रति

III. सभी सेमेस्टर/वर्षों में उत्तीर्ण बी. ई./बी. टेक/बी. एससी./बी. आर्क/एम. टेक अंकों की स्व-सत्यापित प्रतियां। (यथा लागू हो)

IV. संगत अर्हता (यथा लागू) के अनंतिम/अंतिम डिग्री प्रमाण-पत्र की स्व-सत्यापित प्रतियां।

V. सीजीपीए या मूल्यांकन की क्रेडिट प्रणाली के मामले में, अभ्यर्थियों को संबंधित संस्थान/विश्वविद्यालय के मानदंडों (यथा लागू) के अनुसार सीजीपीए/क्रेडिट को प्रतिशत में बदलने का फॉर्मूला संलग्न करना होगा।

VI. अ. पि. व. (गैर नवोन्नत वर्ग)/अ. जा./ अ. जा. जा/ पीडब्ल्यूबीडी से संबंधित अभ्यर्थियों के मामले में जाति/ जनजाति/ समुदाय/दिव्यांगता प्रमाण-पत्र। अ.पि.व. (गै.नवो.व.)/अ.जा./ अ. जा. जा /पीडब्ल्यूबीडी के तहत आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।प्रमाण-पत्रों के प्रारूप विज्ञापन के लिंक के रूप में उपलब्ध किए गए हैं। अ.पि.व. वर्ग के अभ्यर्थियों को दिनांक 01.04.2025 को या उसके बाद जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

VII. पूर्व नियोक्ता से वर्तमान नियोक्ता तक के अर्हतोत्तर अनुभव प्रमाण-पत्र। अर्हतोत्तर अनुभव के वर्षों की संख्या निर्धारित करने के लिए कार्यग्रहण/नियुक्ति पत्र और कार्यमुक्ति पत्र (जहां लागू हो) संलग्न करने की आवश्यकता है।यदि पूर्व रोजगार प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है तो कार्यग्रहण/नियुक्ति पत्र, प्रथम और नवीनतम वेतन पर्ची और कर्मचारी पहचान-पत्र अनुभव के वर्षों की संख्या निर्धारित करने के लिए **अनिवार्य रूप** से संलग्न किया जाए। यदि समर्थन दस्तावेज संलग्न नहीं किए ,तो आपका आवेदन बिना कोई कारण बताए सरसरी तौर पर अस्वीकार किए जाएंगे तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा

VIII. सार्वजनिक उपक्रम/सरकारी संगठनों में काम करने वाले अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से साक्षात्कार के समय उचित माध्यम द्वारा आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए या 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' प्रस्तुत करना चाहिए।

IX. बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले व्यक्तियों के लिए, दिव्यांगता 40% से कम नहीं होनी चाहिए। जो व्यक्ति इस छूट का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

X. दर्शाए गए अनुलग्नकों को अग्रेषित करने में विफल रहने पर अयोग्य ठहराया जाएगा, भले ही उम्मीदवारों ने आवेदन शुल्क अदा कर दिया हो।

XI. पूर्व सैनिकों के मामले में कार्यमुक्त प्रमाण-पत्र।

XII. आवेदन शुल्क भुगतान की रसीद( यथा लागू)

**चयन का माध्यम:**

विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए अल्पसूचित किया जाएगा तथा जो लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होते हैं उन्हें संबंधित वर्ग में साक्षात्कार के लिए अल्पसूचित किया जाएगा।

लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में अनारक्षित /अ.पि.व.अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 35% तथा अ.जा./ पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए 30% हैं।

लिखित परीक्षा में निष्पादन के आधार पर, अभ्यर्थियों को अनंतिम रूप से 1:7 के अनुपात में साक्षात्कार के लिए अल्पसूचित किया जाएगा।

लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार दोनों में अभ्यर्थियों के निष्पादन के आधार पर चयन किया जाएगा। लिखित परीक्षा 85 अंकों की होगी और साक्षात्कार 15 अंकों का होगा।

लिखित परीक्षा का स्थल केवल बेंगलूरु है। सटीक दिनांक और समय को अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ई-मेल आईडी पर भेजे गए प्रवेश पत्र में सूचित किया जाएगा।

**यात्रा प्रतिपूर्ति :**

कार्यपालक पदों के लिए साक्षात्कार के लिए बुलाए गए सभी बाहरी अभ्यर्थियों को एसी चेयर कार/III टियर एसी किराए के अधीन, आगामी यात्रा के संबंध में प्राप्ति या कोई अन्य सहायक दस्तावेज साक्ष्य प्रस्तुत करने पर साक्षात्कार के स्थान तक आने-जाने पर हुए वास्तविक खर्च की प्रतिपूर्ति की जाएगी। इस उद्देश्य के लिए सबसे छोटा मार्ग आवेदन पत्र में जिस स्थान को पत्राचार पते के रूप में घोषित किया गया था या जहां से वास्तविक यात्रा शुरू हुई थी, के बीच की दूरी होगी, इनमें से जो भी निकट हो।

**आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30.04.2026 है। अंतिम तारीख के बाद किए गए आवेदनों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।**

**सामान्य दिशा-निर्देश:**

1. केवल भारतीय नागरिकों को आवेदन करने की आवश्यकता है।
2. पार्श्विक पदों के लिए, आंतरिक अभ्यर्थी बाहरी विज्ञापनों के समक्ष आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
3. समान या उच्चतर श्रेणी के आंतरिक नियत अवधि अभियंता इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं बशर्ते कि कार्यपालक नियोजन और विज्ञापन के प्रस्ताव के निबंधन व शर्तों को पूरा करते हों। बहरहाल, बीईएल/अन्य पीएसयू में प्रशिक्षु/नियत अवधि/संविदात्मक नियोजन के रूप में पूर्व अनुभव को विज्ञापित स्थायी पदों के लिए प्रासंगिक अनुभव नहीं माना जाएगा। कर्मचारी को उचित माध्यम से मांगकर्ता यूनिट/एसबीयू/सीआरएल/पीडीआईसी/कार्यालयों में आवेदन अग्रेषित करना होगा।

4. चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति कंपनी के चिकित्सा मानकों के अनुसार कंपनी के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त पाए जाने पर निर्भर करेगी।

5. बीईएल में नियुक्त नियत अवधि के अभियंताओं को पात्र मानदंडों के अनुसार बाहरी अभ्यर्थियों के रूप में आवेदन करना होगा तथा संबंधित यूनिट/एसबीयू मा.सं.को सूचित करना होगा।

6. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रस्तुत करने से पहले पात्रता मानदंड और चयन की कार्यप्रणाली के विवरण के लिए पूर्ण विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें।

7. जो अभ्यर्थियों पद के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा करते है उन्हें लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। बहरहाल, आवेदक की अभ्यर्थता अंथिम होगी और उसके/ उसकी द्वारा प्रस्तुत प्रमाण-पत्रों/साक्ष्यों के सत्यापन पर निर्भर होगी।

8. अंथिम रूप से पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए कॉल लेटर अभ्यर्थियों द्वारा दिए गए ईमेल पर भेजा जाएगा। कृपया नोट करें कि कॉल लेटर डाक द्वारा नहीं भेजा जाएगा।

9. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे कॉल लेटर का प्रिंट लें और उसमें दिए गए अनुदेशों का पालन करें।

10. एक बार आवेदन में घोषित होने के बाद श्रेणी में परिवर्तन का अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

11. सरकारी /अर्धसरकारी /सार्वजनिक उपक्रम में कार्यरत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय **"अनापत्ति प्रमाण पत्र"** प्रस्तुत करना आवश्यक है । यदि अभ्यर्थी ऐसा नहीं करते हैं तो उनकी अभ्यर्थता पर विचार नहीं किया जाएगा ।

12. अकादमी/शिक्षण/अप्रेंटिसशिप/इंटर्नशिप प्रशिक्षण/अनुसंधान कार्य अनुभव को संगत अर्हतोत्तर /औद्योगिक अनुभव नहीं माना जाएगा।

13. अपूर्ण आवेदन बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर दिए जाएंगे तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। किसी भी चरण में चयन न होने पर किसी भी अभ्यर्थियों को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा।

14. मान्यता प्राप्त तथा मान्यता प्राप्त संस्थान/मंडल/परिषद/विश्वविद्यालय से सभी पात्रता अर्हता होनी चाहिए।

15. आवेदक स्वस्थ होना चाहिए। स्वास्थ्य मानक में कोई भी छूट की अनुमति नहीं है। चिकित्सीय स्वस्थता के मानदंड तथा मानकों के अनुसार की जाने वाली पूर्व रोजगार चिकित्सा परीक्षा में स्वस्थ होने के अधीन चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति किया जाएगा ।

16. अ.पि.व.गैर-नवोन्नत वर्ग(एनसीएल) के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण/छूट/रियायत दस्तावेज सत्यापन/साक्षात्कार के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी " केंद्र सरकार के पदों में नियुक्ति" के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में घोषणा के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) के प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना होगा। आय प्रमाण-पत्र को अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र के रुप विचार नहीं किया जाएगा।

17. केवल 40% से कम संगत दिव्यांगता वाले अभ्यर्थियों पीडब्ल्यूबीडी के रूप में आरक्षण और छूट के लिए पात्र होंगे। विकलंगता प्रमाण पत्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में चिकित्सा मंडल द्वारा जारी होना चाहिए ।

18. यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गई कोई भी जानकारी विज्ञापन में उल्लिखित मानदंडों के अनुरूप नहीं है, नियुक्ति के बाद तथा चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थता को अस्वीकृत करने के लिए बाध्य होंगे । अभ्यर्थी की अभ्यर्थता को किसी भी स्तर में, यदि बीईएल किसी साक्ष्य/संज्ञान में आता है जो नहीं आवेदन में सूचित अर्हता, अनुभव और किसी भी अन्य विवरण / अन्य प्रारूप जो मान्यता प्राप्त नहीं है / गलत / गुमराह तथा / अथवा सूचना / ब्योराओं को बीईएल के ध्यान में लाए बिना छुपाते हैं, को अस्वीकृती करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

19. केवल आवेदन करने से चयन प्रक्रिया में अभ्यर्थता की पर्याप्तता पर विचार करने की गारंटी नहीं है । अभ्यर्थी की अभ्यर्थता चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर अनंतिम होगी।

20. बीईएल कोई भी सूचना जारी किए बिना या कोई कारण बताए बिना, आवश्यकता पड़ने पर चयन प्रक्रिया को रद्द करने/ निर्बंधित/ विस्तार /संशोधित करने / पदों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

21. यदि कोई अभ्यर्थी एक ही पद के लिए 01 से अधिक आवेदन करता है, तो जिस आवेदन के समक्ष बैंक चालान जमा किया गया है उस पर केवल विचार किया जाएगा। इसके अलावा, यदि कोई अभ्यर्थी एक ही पद के लिए 02 आवेदनों के लिए बैंक चालान जमा करता है, तो नवीनतम पंजीकरण संख्या के साथ आवेदन पर ही विचार किया जाएगा।

22. आवेदन पत्र में वैध ई-मेल और मोबाइल नंबर का उल्लेख करें। ई-मेल या मोबाइल नंबर में कोई परिवर्तन नहीं। सभी आगामी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा ।

23. उपर्युक्त विज्ञापन का कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, परिशिष्ट, समय विस्तारण आदि बीईएल वेबसाइट(www.bel-india.in) के केरियर भाग में प्रकाशित किए जाएंगे तथा प्रेस में कोई अलग अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखें।

24. किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार अयोग्यता का परिणाम होगा । बीईएल किसी भी कारण से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी अभ्यर्थी को निष्कासित / अयोग्य घोषित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

25. यदि अंग्रेजी के अलावा इस विज्ञापन के किसी अन्य संस्करण में प्रावधानों की व्याख्या के कारण कोई विवाद होता है तो बीईएल वेबसाइट पर उपलब्ध अंग्रेजी संस्करण प्रभावी होगा।

26. भर्ती प्रक्रिया सहित इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद, बेंगलूरु में स्थित न्यायालयों के एकल अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा ।

27. बीईएल की एक मजबूत और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया है जहां चयन मानदंड पूरी तरह से अभ्यर्थी की योग्यता पर आधारित है। बीईएल इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन शुल्क के अलावा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई अन्य शुल्क नहीं मांगेगा या धनराशि जमा करने का अनुरोध नहीं करती है। हम नौकरी तलाशने वालों से अनुरोध करते हैं कि वे हमारी कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले और बीईएल में रोजगार के एवज में भुगतान की मांग करने वाले धोखेबाजों द्वारा किए गए किसी भी संवाद सेगुमराह न हों। कंपनी ऐसे धोखाधड़ी वाले कार्यों से होने वाले किसी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं है

28. इस भर्ती से संबंधित सभी सूचना हमारी वेबसाइट www.bel-india.in के करियर पेज पर उपलब्ध है ।

विज्ञापन से संबंधित किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, hrcsg@bel.co.in पर लिख सकते हैं।

*******